(ख) इसी अवधि के दौरान इन परियोजनाओं हेतु वार्षिक रूप से आवंटित की गई धनराशि का परियोजना/योजना-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में परियोजना-वार उपलब्धियां क्या-क्या रहीं?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ): (क) से (ग) गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के लाभ अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों सहित सभी को मिलते हैं ये लाभ सभी राज्यों को भी मिलते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम, जो पूरक रोजगार उपलब्ध कराते हैं: ये हैं: एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम; जवाहर रोजगार योजना तथा रोजगार आश्वासन स्कीम। जनसंख्या के कमजोर वर्गों के लिए पर्याप्त कवरेज सुनिश्चित कराने हेतु इन गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों में विशेष सुरक्षा उपाय किए जाते हैं। आई आर डी पी के अन्तर्गत यह निहित है कि लाभग्रहियों के तहत आने वालों में से 50 प्रतिशत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से सम्बन्धित हों। जे आर वाई तथा ई ए एस के तहत गरीबी रेखा से नीचे के लोग लक्षित वर्ग में आते हैं जिसमे अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा मुक्त किये गये बंधुआ मजदूरों को प्राथमिकता प्रदान की जाती है। शहरी विकास क्षेत्र में दो शहरी गरीबी उन्मूलन स्कीमें चल रही हैं। ये हैं: नेहरु रोजगार योजना तथा प्रधानमंत्री का एकीकृत शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम प्रधानमंत्री की रोजगार योजना केन्द्रीय योजना स्कीम के रूप में कार्यान्वित की जा रही ताकि ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। पी एम आर वाई के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति लाभग्रहियों के लिए आरक्षण कुल का 22.5 प्रतिशत रखा गया है।

1994—97 के दौरान प्रमुख स्कीमों के तहत राशि निम्नानुसार है:

(करोड़ रू०)

	आई आर डी पी		वे आर वाई			
	राजस्थान	मध्य प्रदेश	असम	राजस्थान	मध्य प्रदेश	असम
1994-95 में						
उपयोग में लाया गया	43.93	105.73	27.47	188.36	495.83	89.21
आवंटन	46.27	102.77	31.06	199.09	505.03	103.87
1995-96						
उपयोग में लाया गया	43.80	105.65	27.44	208.25	511.19	108.20
आवंटन	47.30	113.06	27.38	184.04	423.77	95.83
1996-97						
उपयोग में लाया गया	43.88	105.65	27.44	91.46	220.15	57.16
आवंटन	12.80	43.27	7.03	32.86	109.43	21.06
(नवम्बर, 1996 तक)						

Allocations Under Employment Generation Schemes in Kerala

2005. SHRI JOY NADUKKARA: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) the number and details of centrally sponsored employment generation schemes being run in the ocuntry;

(b) the amount allotted to Kerla during 1995-96 and 1996-97 under each scheme; and

(c) the amount, out of the above, utilised so far?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTER OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI YOGINER K. ALAGH): (a) to (c) The major poverty alleviation

programmes which provide supplementary employment in the rural areas are Integrated Rural Development Programme, Jawahar Rozgar Yojana. The Employment Assurance Scheme is also implemented in the Stae of Kerala. In the Urban development sector, two Urban poverty alleviation schemes are in operation, namely, Nehru Rozgar Yojana and Prime Minister's Integrated urban Poverty Eradication Programme which also seek to provde employment. Prime Minister's Rozgar Yojana is being implemented as Central Plan Scheme to provide employment opportunities to educated unemployed youths in both rural and urban areas.

The amount allocated/utilised under major schemes during 1995-96 and 1996-97 for Kerla are given below.

(Rs. Crore)

	NRY	PMIUPEP	IRDP	JRY	EAS*
1995-96	1.49	2.63	20.36	80.29	23.12
Allocated	—	—	22.69	88.88	22.42
utilised					
1996-97					
Allocated	1.80	2.38	20.36	42.44	22.25

*State wise allocations are not make for EAS as this is a demand driven scheme. The figures are of releases.

Utilisation for 1996-97 will be available after the end of the year.

उत्तर प्रदेश में रोजगार योजनाएं

2006. **श्रीमती मालती शर्मा:** क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में सभी के लिए रोजगार सृजित करने हेतु कौन-कौन सी योजनायें आरंभ की गई हैं;

(ख) इस अवधि के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा कितनी धनराशि आबंटित की गई;

(ग) क्या नौवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उपर्युक्त उद्देश्यों को पूरा करने के लिए और अधिक धनराशि आबंटित किए जाने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ): (क) से (घ) गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के लाभ उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों में प्रवाहित होते हैं। प्रमुख गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम जो ग्रामीण क्षेत्रों में अनुपूरक रोजगार मुहैया कराते हैं वे हैं एकीकृत विकास कार्यक्रम, जवाहर रोजगार योजना, राष्ट्रीय स्तर की रोजगार आश्वासन स्कीम भी राज्य में कार्यान्वित की गई है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार भी राज्य क्षेत्रक में विशेष रोजगार रोजगार स्कीम कर्यान्वित कर रही है। शहरी विकास क्षेत्रक में दो शहरी गरीबी उन्मूलन स्कीमें प्रचालन में हैं, नामतः नेहरू रोजगार योजना और प्रधानमंत्री का एकीकृत गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम वे भी रोजगार मुहैया कराते हैं। प्रधान मंत्री की रोजगार योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में शिक्षित बेरोजगार युवकों के लिए रोजगार अवसर मुहैया कराते हैं।

उत्तर प्रदेश के संबंध में पिछले 3 वर्षों के दौरान प्रमुख स्कीमों के अंतर्गत आवंटित निधियां नीचे दी गई हैं।